# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

22 जनवरी 2026

गुरुवार




रफ्तार बनी काल : चौसा–मोहनिया मार्ग पर मौत का तांडव तीन युवकों की जान गई, दो जिंदगी और मौत से जूझ रहे

2



## एक/नजर

### असम के हिंसा प्रभावित इलाके में सेना तैनात

**कोकराझार।** असम के कोकराझार जिले में संवेदनशील इलाकों में सेना तैनात की गई है। यहां भीड़ हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद आगजनी और बोडो और आदिवासियों के बीच झड़पें हुईं। यह जानकारी अधिकारियों ने बुधवार को दी। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि सेना के जवानों ने मंगलवार रात को करीगांव और उसके आसपास के प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन के साथ गश्त की। उन्होंने कहा कि विश्वास बढ़ाने के उपायों के तहत बुधवार को सेना क्षेत्र में फ्लैग मार्च भी आयोजित कराएगी। प्रवक्ता ने बताया कि जिले में फिलहाल सेना की कुल चार टुकड़ियां तैनात हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुल मिलाकर स्थिति नियंत्रण में है। कोकराझार और पड़ोसी चिरांग जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई है।मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने इससे पहले कहा था कि सेना की तैनाती के लिए व्यवस्थाएं कर ली गई हैं, जबकि भीड़ हिंसा और झड़पों के बाद रैपिड एक्शन फोर्स पहले से ही मौके पर मौजूद है।

### कर्नाटक में बड़ा सड़क हादसा, चार की मौत

**रायचूर।** कर्नाटक के रायचूर में बड़ा हादसा हो गया है। पुलिस ने बताया कि रायचूर जिले के सिंदनूर तालुक में बूडीवाल क्रॉस के पास एक ट्रक और दो पिकअप गाड़ियों की आमने-सामने की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मरने वाले दो पिकअप में यात्रा कर रहे थे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पीड़ितों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक, दोनों पिकअप गाड़ियां एक के पीछे एक चल रही थीं और उनमें भेड़ें भरी हुई थीं, तभी सामने से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। पिकअप गाड़ियां सिंदनूर से बल्लारी की ओर जा रही थीं। हादसे में दोनों पिकअप गाड़ियों में ले जाई जा रही भेड़ों की भी मौत हो गई, जिससे दोनों गाड़ियां पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं।

## राजस्थान : बैंक की छत तोड़कर लॉकर रूम से करोड़ों का सोना ले गए चोर

- सवा करोड़ कीमत का 110 तोले से ज्यादा सोना चोरी कर ले गए
- मजबूत लोहे के सरियों को इलेक्ट्रिक कटर से काटकर लॉकर रूम में प्रवेश किया
- वारदात को अंजाम देने के बाद चोर मौके पर ही अपना इलेक्ट्रिक कटर छोड़कर हुए फरार



**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान के केकड़ी में बैंक ऑफ बड़ौदा में अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने बैंक के लॉकर रूम की छत तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब सवा करोड़ रुपये की कीमत का सोना चुरा लिया। इस सनसनीखेज घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सावर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। केकड़ी में चोर बैंक ऑफ बड़ौदा की छत तोड़कर लॉकर तोड़े और सवा करोड़ कीमत का 110 तोले से ज्यादा सोना चोरी कर ले गए। जानकारी के अनुसार चोरों ने बेहद शातिराना तरीके से बैंक की छत को तोड़ा और उसके बाद मजबूत लोहे के सरियों को इलेक्ट्रिक कटर से काटकर लॉकर रूम में प्रवेश किया। चोरों ने बैंक के एक-दो लॉकर तोड़कर उनमें रखा सामान चोरी कर लिया है। हालांकि बैंक का मुख्य कैश (नगदी) पूरी तरह सुरक्षित बताई जा रही है।

### 110 तोला सोना चोरी

पुलिस उप अधीक्षक हर्षित शर्मा ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद बताया कि कि टूटे हुए लॉकर से कितना सोना, चांदी या अन्य कीमती सामान चोरी हुआ है, इसका सही अंदाजा लॉकर होल्डर्स के आने के बाद ही लग सकेगा। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक 110 तोले सोने की चोरी हुई है। बैंक मैनेजर पूजा मीणा के मुताबिक इंद्र राज भट्ट का 80 तोला सोना चोरी हुआ है। इसी तरह लोकेश पारीक का 28 तोला सोना और 850 ग्राम चांदी चोरी हुई है।

### सीसीटीव खंगाल रही पुलिस

बैंक प्रबंधन द्वारा संबंधित ग्राहकों को सूचित कर दिया गया है। बाकी ग्राहकों के पहुंचने व उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर ही कुल नुकसान का खुलासा होगा। फिलहाल सावर पुलिस बैंक व आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके. माना जा रहा है। साथ ही आसपास के सभी खुफिया तंत्र का उपयोग किया जा रहा है। जिससे इस घटना की पूरी जानकारी प्राप्त हो सके।

### इलेक्ट्रिक कटर मौके पर छोड़कर भागे चोर

थानाधिकारी राधेश्याम जाट के अनुसार चोरी के सटीक समय का पता लगाया जा रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर मौके पर ही अपना इलेक्ट्रिक कटर व छत तोड़ने में इस्तेमाल किए गए अन्य उपकरण छोड़कर फरार हो गए है।

## करोड़ों लोगों के लिए जीवनरेखा थी मनरेगा, उसे मोदी सरकार ने छीन लिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने बुधवार को एक बार फिर केंद्र सरकार पर ह्यविकसित भारत जी राम जी अधिनियमह्न को लेकर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने आरोप लगाया कि मनरेगा लाखों लोगों के लिए जीवनरेखा साबित हुई थी, सरकार ने उसे खत्म करके जनता के हितों के साथ खिलवाड़ किया है। कांग्रेस के नवगठित प्रकोष्ठ रचनात्मक कांग्रेस के प्रमुख संदीप दीक्षित ने कहा कि उनकी पार्टी अब सरकार के इस कदम के खिलाफ अपना अभियान और तेज करेगी। इस मुद्दे पर कांग्रेस एक संवाद का आयोजन कर रही है, जिसमें श्रमिक अपने काम के स्थान से एक मुट्ठी मिट्टी लाएंगे। कांग्रेस की रचनात्मक इकाई के चेयरपर्सन संदीप दीक्षित ने कहा कि बीजेपी ने मनरेगा को ह्यविकसित भारत जी राम जी अधिनियमह्न से बदल दिया, जिसका कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है और कई राज्यों और जिलों में मनरेगा बचाओ संग्राम' चल रहा है। दीक्षित ने प्रेस वार्ता में बताया कि कोविड काल में मनरेगा योजना करोड़ों लोगों के लिए जीवनरेखा बन गई थी। इस योजना ने लोगों के दिलों में अपनी जगह बना ली थी। हमने उन संगठनों से चर्चा की है, जो किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए लंबे समय से काम कर रहे हैं। देशभर से मजदूर गुरुवार को मनरेगा पर संवाद के लिए आ रहे हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने अपने गांवों में सड़कों, स्कूलों, पंचायत भवनों, तालाबों और जल संरक्षण योजनाओं का निर्माण किया है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का होगा तेजी से विकास

# राष्ट्रपति ट्रंप ने दावोस में पीएम मोदी की जमकर तारीफ



- यूक्रेन युद्ध खत्म करने की डील के काफी करीब हैं और दोनों नेता डील चाहते हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

डोनाल्ड ट्रंप ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच के दौरान अपने भाषण और बाद की बातचीत में कई महत्वपूर्ण बयान दिए, जिनमें यूक्रेन-रूस युद्ध, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सकारात्मक अपडेट शामिल हैं। ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों अब एक समझौते के करीब हैं। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि वे अब एक ऐसे मोड़ पर हैं जहां वे एक साथ आकर डील कर सकते हैं। अगर वे ऐसा नहीं करते, तो वे मूर्ख हैं। यह दोनों पर लागू होता है। और मैं जानता हूं कि वे मूर्ख नहीं हैं, लेकिन अगर डील नहीं हुई तो वे मूर्ख हैं। ट्रंप ने दावा किया कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने की डील के काफी करीब हैं और दोनों नेता डील चाहते हैं, लेकिन कुछ वजह से बाधा आ रही हैं। उन्होंने अपने अच्छे संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि उनके राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पुतिन के साथ हमेशा से बहुत अच्छे रिश्ते रहे हैं। शी जिनपिंग को अद्भुत व्यक्ति बताते हुए उनकी तारीफ की और कोविड-19 पर पुरानी टिप्पणी दोहराई। डोनाल्ड ट्रंप ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच के दौरान अपने भाषण और बाद की बातचीत में कई महत्वपूर्ण बयान दिए, जिनमें यूक्रेन-रूस युद्ध, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सकारात्मक अपडेट शामिल हैं। ट्रंप ने दावा किया कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने की डील के काफी करीब हैं और दोनों नेता डील चाहते हैं, लेकिन कुछ वजह से बाधा आ रही हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण उनका काम बुरी तरह बाधित हुआ। मैं इसे चीन वायरस कहता था, लेकिन उन्होंने कहा, क्या आप कोई दूसरा नाम इस्तेमाल कर सकते हैं। और मैंने वही नाम रखने का फैसला किया क्योंकि भला इस पर हमें क्यों आपत्ति होनी चाहिए।

### ट्रंप ने भारत को लेकर कही ये बात

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर ट्रंप ने अच्छी खबर दी। मनीकंट्रोल से बातचीत में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। ट्रंप ने कहा कि मुझे आपके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए बहुत सम्मान है। वे एक फैंटास्टिक व्यक्ति हैं और मेरे अच्छे दोस्त हैं। हम एक अच्छा डील करने जा रहे हैं। उन्होंने भारत के साथ शानदार व्यापार समझौते पर भरोसा जताया और कहा कि दोनों देशों के बीच जल्द ही एक मजबूत ट्रेड डील हो सकती है। यह बयान ऐसे समय आया है जब ट्रंप दावोस में ग्रीनलैंड, नाटो और यूरोप पर टैरिफ जैसे मुद्दों पर विवादास्पद टिप्पणियां कर रहे थे, लेकिन भारत के प्रति उनका रुख सकारात्मक रहा। पीएम मोदी दावोस 2026 में मौजूद नहीं थे, लेकिन ट्रंप ने उनके नेतृत्व और व्यक्तित्व की सराहना की। ट्रंप के इन बयानों से वैश्विक स्तर पर यूक्रेन शांति वार्ता और भारत-अमेरिका आर्थिक संबंधों पर नई उम्मीद जगी है।

## पश्चिम बंगाल में सहायक शिक्षकों का भर्ती घोटाला रिश्वत लेकर जारी किए गए थे नियुक्ति पत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल में 25000 सहायक शिक्षकों के भर्ती घोटाले में रिश्वत लेकर नियुक्ति पत्र जारी किए गए। भर्ती प्रक्रिया समाप्त होने की तय समय सीमा के बाद भी नियुक्ति पत्र देने का काम चलता रहा। ईडी ने इस मामले में अभी तक आरोपियों की 698 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। सर्वोच्च न्यायालय ने गत वर्ष तीन अप्रैल को एसएलपी (सिविल) संख्या 9586/2024 में पश्चिम बंगाल राज्य बनाम बैशाखी भट्टाचार्य (चटर्जी) और अन्य के मामले में अपने फैसले के माध्यम से



25000 से अधिक शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया को दूषित और दागदार बताया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने पश्चिम बंगाल केंद्रीय विद्यालय सेवा आयोग (एसएससी) सहायक शिक्षक भर्ती घोटाले (कक्षा 9 से 12) के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत लगभग 57.78 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। जब्त की गई संपत्तियां विधायक जीवन कृष्ण साहा, प्रसन्ना कुमार रॉय और अन्य की हैं। इन संपत्तियों में उत्तर 24 परगना जिले के राजारहाट, न्यू टाउन, पाथरघाटा, गरगरी और अन्य आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ मुर्शिदाबाद और पूर्वी बर्धमान जिलों में स्थित कई आवासीय अपार्टमेंट, विला और भूमि के टुकड़े शामिल हैं।

## सारे नाम होंगे सार्वजनिक, कानून हाथ में लिया तो होगी कार्रवाई

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सियासत तेज है। ऐसे में अब एसआईआर के दूसरे चरण को लेकर चुनाव आयोग ने स्थिति साफ कर दी है। मामले में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने राज्य के सभी नागरिकों को भरोसा दिलाया है कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी और अगर ऐसा किया गया तो सख्त कार्रवाई होगी।चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि 24 जनवरी 2026 तक उन लोगों के नाम सार्वजनिक किए जाएं, जिनके नाम मतदाता सूची में लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी (तार्किक विसंगति) या अनमैप्ड श्रेणी में आए हैं। ये नाम हर तालुका के ग्राम पंचायत भवन, ब्लॉक कार्यालय और शहरी इलाकों में वार्ड कार्यालयों में लगाए जाएंगे, ताकि लोग आसानी से जानकारी देख सकें। आयोग ने यह भी कहा है कि हर मतदान क्षेत्र के लिए एक तय जगह बनाई जाए, जैसे ग्राम पंचायत भवन, ब्लॉक ऑफिस या वार्ड ऑफिस, जहां प्रभावित लोग अपने दस्तावेज जमा कर सकें और अपनी बात रख सकें। यह जगह कोशिश की जाएगी कि मतदान केंद्र के पास ही हो।इसके अलावा, आयोग ने राहत देते हुए कहा है कि जिन लोगों ने अब तक अपने दावे, दस्तावेज या आपत्तियां जमा नहीं की हैं, उन्हें नाम सार्वजनिक होने की तारीख से अगले 10 दिनों तक का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।







# रफ्तार बनी काल : चौसा-मोहनिया मार्ग पर मौत का तांडव
# तीन युवकों की जान गई, दो जिंदगी और मौत से जूझ रहे

## तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी ने उजाड़ दिए तीन घर, राजपुर थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसा

**हादसा**

- **घटना की विभत्सता को बयां कर रही थी घटना स्थल पर विखरे खून व वाहनों के उखड़े परखच्चे**





**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार ने कहर बरपाया है। चौसा-मोहनिया मुख्य मार्ग पर बुधवार की दोपहर ऐसा भयावह मंजर देखने को मिला, जिसने न सिर्फ तीन घरों के चिराग बुझा दिए, बल्कि पूरे इलाके को गहरे सदमे में डाल दिया। राजपुर थाना क्षेत्र के रोहनिभान गांव के समीप दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में तीन युवकों की मौके पर ही और इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर हालत में अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। यह हादसा इतना भीषण था कि सड़क पर दूर तक बिखरे वाहन के पुर्जे और लहूलुहान पड़े युवक खुद ही दुर्घटना की भयावहता बयां कर रहे थे।

**एक बाइक पर तीन सवार, दूसरी पर दो, मौत को दिया खुला न्योता**

प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर तीन युवक सवार थे, जबकि दूसरी बाइक पर दो युवक थे। दोनों बाइकों की रफ्तार काफी तेज बताई जा रही है। तेज गति, ओवरलोडिंग और लापरवाही ने मिलकर इस हादसे को जानलेवा बना दिया। मृतकों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बनारपुर गांव निवासी सुभाष सिंह कुशवाहा के 22 वर्षीय पुत्र सूर्यदेव सिंह, कैमूर जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र अंतर्गत चड़ेश गांव निवासी शमशेर अंसारी के 18 वर्षीय पुत्र मो. सैफ, तथा धनु प्रजापति के 23 वर्षीय पुत्र उपेंद्र कुमार के रूप में हुई है। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवकों में वंशीधर कुशवाहा के 23 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार और नंदकिशोर कुशवाहा के 22 वर्षीय पुत्र रूपेश कुमार शामिल हैं, जिनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### कुछ सेकंड में उजड़ गई खुशियों की दुनिया

बताया जाता है कि सूर्यदेव सिंह अपने दो साथियों के साथ किसी आवश्यक कार्य से कैमूर जिले की ओर जा रहा था। वहीं दूसरी ओर से मो. सैफ अपनी बाइक से बक्सर की तरफ आ रहा था। रोहनिभान गांव के पास दोनों बाइकों की रफ्तार काफी अधिक थी। इसी दौरान अचानक नियंत्रण बिगड़ने से दोनों बाइकें आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सूर्यदेव सिंह और मो. सैफ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अन्य युवक सड़क पर गंभीर अवस्था में पड़े तड़पते रहे।

### ग्रामीणों ने संभाली मोर्चा, पुलिस ने पहुंचकर घायलों को पहुंचाया अस्पताल

हादसे की आवाज सुनते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। सड़क पर खून से सने युवकों को देखकर लोगों के होश उड़ गए। ग्रामीणों ने तत्काल राजपुर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्भाग्यवश, सदर अस्पताल ले जाते समय उपेंद्र कुमार ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। शेष दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### तीन घरों में पसरा मातम, गांव में शोक की लहर

घटना की खबर जैसे ही मृतकों के घर पहुंची, वहां कोहराम मच गया। माता-पिता की चीख-पुकार, बहनों का रो-रोकर बुरा हाल और गांव में पसरा सन्नाटा इस बात का गवाह है कि तेज रफ्तार ने कितनी बड़ी कीमत वसूल ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। हर आंख नम है और हर जुबान पर एक ही सवाल, कब सुधरेंगे हालात

### तेज रफ्तार और यातायात नियमों की अनदेखी बनी हादसे की वजह

पुलिस की प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण तेज रफ्तार, ओवरलोडिंग और यातायात नियमों की अनदेखी बताया जा रहा है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।
स्थानीय लोगों का कहना है कि चौसा-मोहनिया मार्ग पर आए दिन तेज रफ्तार वाहन चलते हैं, लेकिन न तो स्पीड कंट्रोल के लिए पर्याप्त व्यवस्था है और न ही पुलिस की नियमित निगरानी।

### सवालों के घेरे में सड़क सुरक्षा व्यवस्था

यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल है। कब तक तेज रफ्तार यूं ही मासूम जिंदगियों को निगलती रहेगी, कब तक यातायात नियम कागजों तक ही सीमित रहेंगे। तीन युवकों की मौत ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अगर समय रहते सख्ती और जागरूकता नहीं आई, तो ऐसी दर्दनाक खबरें यूं ही सुर्खियां बनती रहेंगी।

# बक्सर गोल्ड कप : चरामनपुर में हॉकी का महाकुंभ मुंबई और रामपुर की टीमों ने लहराया जीत का परचम



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के चरामनपुर पंचायत स्थित खेल मैदान में 'बक्सर गोल्ड कप' के बैनर तले आयोजित दो दिवसीय डे-नाइट हॉकी टूनामेंट का भव्य समापन हुआ। बक्सर हॉकी संघ के सचिव सलाम के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ने न केवल स्थानीय खेल प्रेमियों का दिल जीता, बल्कि बक्सर को हॉकी के मानचित्र पर एक नई पहचान भी दिलाई। इस टूर्नामेंट की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें देश के विभिन्न राज्यों से कुल 31 टीमों ने शिरकत की। प्रतियोगिता में खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ 13 महिला टीमों और 18 पुरुष टीमों ने अपनी ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया। दो दिनों तक चले इस आयोजन में मुकाबले दिन और रात दोनों समय खेले गए, जिसने दर्शकों को अंत तक बाँधे रखा।

**महिला वर्ग :** फाइनल मुकाबला मुंबई की मानसी फाउंडेशन और कोलकाता की द रिसरा क्लब के बीच खेला गया। दोनों ही टीमें रक्षात्मक और आक्रामक रणनीति में माहिर दिखीं, लेकिन अंततः मानसी फाउंडेशन ने 1-0 की बढ़त बनाकर 'बक्सर गोल्ड कप' पर अपना कब्जा जमा लिया।

**पुरुष वर्ग :** यहाँ स्थानीय टीम मातृभूमि स्पोर्ट्स क्लब (बक्सर) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। खिताबी मुकाबले में उनका सामना उत्तर प्रदेश की अभिनव क्लब रामपुर से हुआ। कड़े मुकाबले में बक्सर की टीम 0-1 से पिछड़ गई और रामपुर की टीम विजेता बनी। टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता विंध्याचल पाठक उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है।

**पुरस्कार वितरण की मुख्य बातें**

**विजेता टीमें :** ट्रॉफी, मोमेंटो और 11,000 रुपये नकद।
**उपविजेता टीमें :** ट्रॉफी और 5,500 रुपये की प्रोत्साहन राशि।
**निर्णायक भूमिका :** दिल्ली से आई पीहू कुमारी और फरमान खान ने अंपायर के रूप में निष्पक्ष रहकर मैचों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

# डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट में डुमरांव के खिलाड़ियों का परचम, कई पदक जीतकर बढ़ाया विद्यालय का मान




**केटी न्यूज/डुमरांव**

उत्तराखंड के हरिद्वार और छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित डी.ए.वी. नेशनल स्पोर्ट्स मीट में डुमरांव डीएवी विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और टीम भावना का असर पदकों के रूप में देखने को मिला। हरिद्वार में आयोजित डी.ए.वी. नेशनल स्पोर्ट्स मीट में कबड्डी अंडर-14 बॉयज वर्ग में डुमरांव डीएवी की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले तक का सफर तय किया। कड़े मुकाबले में टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि में टीम के खिलाड़ी सनी रंजन, चंद्रमोहन, सागर सिंह, रौशन पांडे, रितिक यादव और अनिश कुमार की अहम भूमिका रही। खिलाड़ियों ने पूरे टूनामेंट में अनुशासित खेल और जबरदस्त तालमेल का परिचय दिया। इसी प्रतियोगिता में बॉक्सिंग स्पर्धा में भी डुमरांव डीएवी के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। आर्यन कुमार ने अपने भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया, जबकि लकी कुमार और राज यादव ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर पदक तालिका में विद्यालय का नाम दर्ज कराया। वहीं रायपुर में आयोजित डी.ए.वी. नेशनल स्पोर्ट्स मीट में बॉक्सिंग और रेसलिंग प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। रेसलिंग प्रतियोगिता में यस कुमार और अनिकेत कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया, जबकि दुर्गेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। इन सभी उपलब्धियों पर विद्यालय के प्रिंसिपल सी.के. पाठक ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। साथ ही उन्होंने कोच मोनल कुमार एवं रामरतन प्रजापति के सतत प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें इस सफलता का श्रेय दिया। प्राचार्य ने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# नुआंव गांव में बाल विवाह व लैंगिक उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- **मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सरकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्रखण्ड डुमरांव के नुआंव गांव में महिला एवं बाल विकास निगम के अंतर्गत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, बक्सर की ओर से एक मासिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, लैंगिक उत्पीड़न सहित सामाजिक कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं, किशोरियों और ग्रामीणों के साथ बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनन प्रावधानों और इसके सामाजिक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही लैंगिक उत्पीड़न के विभिन्न स्वरूपों की जानकारी देते हुए इससे बचाव और सहायता प्राप्त करने के उपायों पर भी प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि जागरूकता और सामूहिक सहभागिता के माध्यम से ही इन कुरीतियों को जड़ से समाप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम की मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें प्रमुख रूप से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, आपातकालीन सेवा 112, महिला पुनर्वास कोष, कौशल विकास कार्यक्रम आदि शामिल हैं। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न या संकट की स्थिति में वे इन हेल्पलाइन नंबरों का निःसंकोच उपयोग कर सकती हैं।

कार्यक्रम में एक ही छत के नीचे उपलब्ध सरकारी सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। जिला स्तर पर जिला नियोजन कार्यालय द्वारा दी जा रही सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत विधवा एवं वृद्धा पेंशन, जिला नियोजन एवं परामर्श केंद्र की सेवाएं तथा जिला प्रशासन के अंतर्गत संचालित अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और इसके लिए जागरूकता सबसे अहम कड़ी है।

प्रचार एवं जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लैंगिक विशेषज्ञ शिवांगी, डाटा ऑपरेटर रविकांत पासवान, महिला प्रतिभा सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से ग्रामीणों से अपील की कि वे बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं का विरोध करें, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा दें और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत संबंधित विभाग या हेल्पलाइन से संपर्क करें।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

Mob: 9122226720
कुमार आर्थोपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार

# डुमरांव में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका, एक जख्मी, हालत गंभीर

## विस्फोट की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस, एफएसएल टीम को बुलाया








**डुमरांव के वार्ड 24 अंतर्गत झगरू लोहार की गली में हो रहा था अवैध तरीके से पटाखे का निर्माण, प्रशासन को भनक तक नहीं**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में अचानक विस्फोट होने से एक युवक बुरी तरह से झुलस गया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद उसके परिजन उसे इलाज के लिए लेकर पटना चले गए। घटना बुधवार की शाम करीब पौने चार बजे नगर के वार्ड 24 अंतर्गत झगरू लोहार की गली का है। जख्मी की पहचान 40 वर्षीय मुख्तार रंगरेजा पिता सुल्तान रंगरेजा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा सदल-बल मौके पर पहुंचे तथा मामले की जांच में जुट गए है। उन्होंने मामले की गहन जांच तथा विस्फोटक की पड़ताल के लिए एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया है। हालांकि, घटना के बाद घर के लोग जख्मी को लेकर इलाज कराने चले गए, जिस कारण परिजनों का बयान नहीं मिल पाया। जबकि आस पास के लोगों का कहना है कि पटाखा निर्माण के दौरान अचानक विस्फोट हुआ है।

### चार दशक से चल रहा था अवैध कारोबार

आस पास के लोगों की माने तो पटाखा निर्माण मुख्तार का पुश्तैनी धंधा है तथा पिछले चार दशक से अधिक समय से वह अपने घर में कई तरह का पटाखा बना, उसकी बिक्री करता था, लेकिन इसकी भनक प्रशासन को नहीं लग पाई थी। बता दें कि जिस जगह पर यह घटना हुई है वह काफी रिहायशी इलाका तथा पुरानी बस्ती है, जहां काफी सघन आबादी है। ऐसे में अवैध तरीके से पटाखा निर्माण होना कई सवाल खड़े कर रहा है। डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि घटना स्थल पर एफएसएल टीम को बुलाया गया है, जल्दी ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

### बोले प्रत्यक्षदर्शी, ऐसा लगा मानो बम फटा हो

आस पास के लोगों का कहना है कि विस्फोट के दौरान काफी तेज आवाज हुई, ऐसा लगा मानो बम फटा है, लेकिन विस्फोट का शोर थमते ही मुख्तार के घर से चिखने-चिल्लाने की आवाजे आने लगी। जिसके बाद लोगों को माजरा समझ में आया। इस दौरान खून से लथपथ मुख्तार बाहर निकला, वह बूरी तरह से झुलस गया था तथा काफी खून बह रहा था। आस-पास के लोगों के सहयोग से ही उसे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया, जिसके बाद परिजन उसे लेकर इलाज के लिए पटना चले गए।

### विस्फोट से टूटा दरवाजा, घर से बाहर तक बिखरा था पटाखा

घटना के विभत्सता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि विस्फोट में मुख्तार के कमरे का दरवाजा टूट गया था। वहीं घर के आंगन से लेकर दरवाजे के बाहर तक कई तरह के पटाखे व उसका रॉ-मेटेरियल बिखरा पड़ा था। जिसे देख पुलिस भी भौचक थी।

### पुराना भोजपुर व नया भोजपुर में हो चुकी है ऐसी घटनाएं



बता दें कि पूर्व में नया भोजपुर तथा पुराना भोजपुर में अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट की घटना हो चुकी है, जिसमें दो लोगों की मौत हुई थी। नया भोजपुर में तो विस्फोट के दौरान पूरा मकान ही उड़ गया था। यही हाल पुराना भोजपुर का था, जहां विस्फोट के बाद न सिर्फ उसका घर जमींदोज हो गया था, बल्कि उसके भी चिथड़े उड़ गए थे।

### घटना स्थल पर उमड़ी भीड़, कई तरह की बाते कर रहे थे लोग

इस घटना के बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। सैकड़ो की संख्या में लोग उस तंग गली में पहुंच घटना की जानकारी ले रहे थे। स्थिति यह थी कि पुलिस को भीड़ हटाने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही थी। इस दौरान लोग कई तरह की बातें भी कर रहे थे। लोगों का कहना था कि रिहायशी इलाके में इस तरह से अवैध पटाखा निर्माण से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन को इस पर रोक लगानी चाहिए।



घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। घटना स्थल पर फारेंसिक टीम को बुलाया गया है। प्रथम द्दष्टया यह मामला पटाखा में विस्फोट का लग रहा है, वैसे गहराई से जांच के बाद ही इस मामले में कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है।

–पोलस्त कुमार
एसडीपीओ, डुमरांव

# लूज मोसन का ईलाज कराने पहुंची महिला की इंजेक्शन लगते ही सदर अस्पताल में मौत, परिजनों ने किया

**केटी न्यूज/ बक्सर**

मंगलवार की आधी रात लूज मोसन की शिकायत लेकर पहुंची महिला की ईलाज के दौरान मौत हो गयी। जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मौके पर नगर थाना की पुलिस बुलानी पड़ी। जिसके बाद भी नही मानें सदर अस्पताल के सामने बक्सर चौसा मार्ग को रात दो बजे से ही जाम कर किये हुए है। मौके पर नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह मौजूद है। मृतिका महिला की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के तियरा जलहरा निवासी राजेश सिंह की 27 वर्षीय पत्नी हेमन्ती देवी के रूप में है। राजेश नौकरी के सिलसिले में पटना रहते थे। जबकि हेमन्ती नगर थाना क्षेत्र के धोबीघाट इलाके में किराये के मकान लेकर अपने तीन बच्चों को पढ़ाती थी। परिजनों के अनुसार मंगलवार की रात हेमन्ती देवी को लेकर जब सदर अस्पताल बक्सर पहुंचे तो उस समय डा. सरस्वती चन्द्र मिश्रा डियूटी पर तैनात थे। उन्होंने कुछ इंजेक्शन लिखा। पहले इंजेक्शन लगते ही हेमन्ती की तबियत बिगडने लगी। उसकी मौत हो गयी। जिसके बाद डाक्टर ने दवा की पर्ची लेकर सुई का नाम काटने लगे। जिसके कारण परिजन भड़क गये। वहीं अस्पताल के सूत्रों की मानें तो महिला लूज मोसन की शिकायत लेकर पहुची थी। उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। जिसके बाद परिजन डाक्टर के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। जिसके बाद पुलिस को बुलानी पड़ी। वहीं नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। रात को भीड़ इतना उग्र थी कि डाक्टर को पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल से निकाल गया। परिजनों से एफआईआर का आवेदन देने के लिए कहा जा रहा है। परन्तु अभी तक दिये नही है। बक्सर-चौसा मार्ग को रात दो बजे से ही जाम किये हुए है।

# बक्सर में वार्तालाप : योजनाओं की भाषा समझने पत्रकार और प्रशासन एक मंच पर

**वीबी-जी राम जी अधिनियम 2025 को लेकर पीआईबी की कार्यशाला में संवाद, सवाल और सुझावों की खुली चर्चा**



**केटी न्यूज/बक्सर**

सरकारी योजनाओं की जमीनी समझ और मीडिया की भूमिका को नए नजरिये से परखने का मंच सोमवार को बक्सर में सजा, जब पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), पटना की ओर से एकदिवसीय क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला ह्लवातार्लापह्ल का आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस कार्यशाला ने केवल एक योजना की जानकारी देने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि मीडिया, प्रशासन और समाज के बीच संवाद की मजबूत कड़ी बनने का प्रयास किया।

कार्यशाला का केंद्र बिंदु रहा विकसित भारत, रोजगार एवं आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी रामजी अधिनियम, 2025। उद्घाटन करते हुए जिलाधिकारी साहिला ने कहा कि आज के दौर में योजनाओं की सफलता केवल क्रियान्वयन से नहीं, बल्कि सही और तथ्यपरक सूचना के प्रसार से तय होती है। इसमें मीडिया की भूमिका सबसे अहम है। उन्होंने इसे प्रशासन और पत्रकारों के बीच विश्वास व समन्वय बढ़ाने की दिशा में सार्थक पहल बताया।

उप विकास आयुक्त निहारिका छवि ने अधिनियम के व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण रोजगार और आजीविका को स्थायित्व देने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने माना कि अतीत की योजनाओं से सीख लेकर इसमें सुधार की गुंजाइश रखी गई है और जिला प्रशासन इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए तैयार है। कार्यशाला को रोचक बनाते हुए पीआईबी पटना के सहायक निदेशक कुमार सौरभ ने ह्लवातार्लापह्ल की अवधारणा समझाई। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम एकतरफा जानकारी नहीं, बल्कि सवाल-जवाब और फीडबैक आधारित संवाद का मंच है, जिससे भ्रम टूटते हैं और भरोसा बनता है। वहीं, मीडिया एग्जीक्यूटिव संदीप कपूर की प्रस्तुति ने पीआईबी की कार्यप्रणाली और अधिनियम के लाभों को सरल भाषा में सामने रखा।

वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार सिंह, डॉ. रास बिहारी शर्मा और रामेश्वर प्रसाद वर्मा ने मीडिया को केवल सूचनावाहक नहीं, बल्कि सामाजिक अभिप्रेरक बताते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों को जन-जन से जोड़ने में मददगार हैं। कार्यशाला के समापन पर पत्रकारों ने लिखित फीडबैक देकर इसे उपयोगी, संवादपरक और समयानुकूल बताया। संचालन पीआईबी के सूचना सहायक अभिनव कुमार ने किया। बड़ी संख्या में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के पत्रकारों की भागीदारी ने इस ह्यवातार्लापह्ल को वास्तव में सार्थक बना दिया।

# दरोगा परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, डीएम-एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

**दो पालियों में हुई परीक्षा, 14 हजार से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल, कदाचार पर सख्ती**



**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या 05/2025 के तहत पुलिस अवर निरीक्षक पद पर चयन के लिए आयोजित लिखित परीक्षा बुधवार को जिले में कड़ी सुरक्षा एवं सख्त निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा के सफल आयोजन एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिला दंडाधिकारी साहिला एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के क्रम में जिला दंडाधिकारी ने एमवी कॉलेज बक्सर, एमपी उच्च विद्यालय रामरेखा घाट बक्सर तथा नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय बक्सर स्थित परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर मौजूद प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षकों से आवश्यक जानकारी ली और परीक्षा संचालन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। जिला दंडाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी भ्रमणशील रहते हुए परीक्षा को पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त तरीके से संपन्न कराएं।

प्रशासन की ओर से परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रवेश द्वार पर सघन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर प्रवेश की अनुमति दी गई। कदाचार रोकने के लिए उड़नदस्ता दल सक्रिय रहे, वहीं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी सतत निगरानी की गई। पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती के कारण परीक्षा केंद्रों के आसपास का माहौल पूरी तरह अनुशासित बना रहा।

जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली में कुल 7104 परीक्षार्थियों के लिए पंजीकरण था, जिसमें से 5578 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 1526 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस पाली में कदाचार के एक मामले में एक परीक्षार्थी को निष्कासित किया गया। वहीं द्वितीय पाली में कुल 7096 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 5512 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 1524 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। दूसरी पाली में किसी भी परीक्षार्थी के निष्कासन की सूचना नहीं है।

परीक्षा के दौरान प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की लगातार सक्रियता से अभ्यर्थियों में विश्वास का माहौल रहा। समय पर परीक्षा शुरू हुई और निर्धारित समय पर शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या गंभीर शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

# डायट डुमरांव में शिक्षकों के लिए आवश्यकता-आधारित मूल्यांकन प्रपत्र पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शिक्षक प्रशिक्षण को अधिक व्यावहारिक, प्रभावी और परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में डायट डुमरांव में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य कक्षा 1 से 12 तक के शिक्षकों की वास्तविक शैक्षिक जरूरतों की पहचान कर उनके अनुरूप आवश्यकता-आधारित मूल्यांकन प्रपत्र का निर्माण करना रहा।

कार्यक्रम का उद्घाटन सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन द्विवेदी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधांशु कुमार एवं डायट डुमरांव के प्राचार्य विवेक मौर्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया। डीपीओ चंदन द्विवेदी ने कहा कि यदि प्रशिक्षण मॉड्यूल शिक्षकों की व्यक्तिगत एवं शैक्षिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किए जाएं तो वे शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों से निपटने में कारगर सिद्ध होंगे। वहीं बीईओ सुधांशु कुमार ने बदलती सामाजिक व स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप शिक्षकों की जरूरतों को चिन्हित करने के लिए इस तरह की कार्यशालाओं को आवश्यक बताया।

डायट प्राचार्य विवेक मौर्य ने कहा कि प्रशिक्षण संस्थान के रूप में डायट का दायित्व है कि शिक्षकों के कौशल विकास के लिए नवाचार को बढ़ावा दिया जाए, और यह कार्यशाला उसी दिशा में एक ठोस पहल है। कार्यशाला के प्रथम दिन उद्देश्य, अपेक्षित परिणाम तथा आवश्यकता-आधारित मूल्यांकन की अवधारणा पर चर्चा हुई। शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया से जुड़े प्रमुख क्षेत्रों की पहचान कर उनके संकेतक तय किए गए। दूसरे दिन इन्हीं संकेतकों के आधार पर प्रश्नों व कथनों का प्रारूप तैयार किया गया तथा प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर तक के लिए मूल्यांकन प्रपत्र की संरचना पर विमर्श हुआ।

कार्यशाला समन्वयक नवनीत कुमार सिंह ने बताया कि तैयार प्रपत्र का पायलट परीक्षण किया जाएगा, जिसकी समीक्षा के बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। विषय विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षक प्रशिक्षण को सतत एवं आवश्यकता-आधारित बनाने पर बल दिया। कार्यशाला में जिले के विभिन्न स्तर के शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही।

भाजपा नेता सह व्यवसायी प्रदीप राय ने डुमरांव के पूर्व विधायक द्वारा लगाए आरोपो पर दी खुली चुनौती, प्रेस वार्ता कर रखा अपना पक्ष

# सुशासन की सरकार में दूसरे की जमीन पर लाल झंडा गाड़ोगे तो अलग हो जाएगा शरीर से बांह : प्रदीप राय



## डुमरांव के पूर्व विधायक की शादी में उनके ससुर ने मुझसे लिए थे 22 लाख रूपए कर्ज, अभी भी नहीं दे रहे है 8 लाख

- **अपने ससुर के साथ मिल पूर्व विधायक मेरा पैसा हड़पने के लिए किए है साजिश, सबूत है मौजूद**

**केटी न्यूज/बक्सर**

पूर्व विधायक द्वारा वैष्णवी ग्रुप के चेयरमैन सह भाजपा नेता प्रदीप राय ने डुमरांव के पूर्व विधायक द्वारा लगाए गए जमीन हड़पने के आरोप के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में कई चौकाने वाले खुलासे किए है। उन्होंने डुमरांव के पूर्व विधायक अजित कुमार सिंह पर अपने ससुर के साथ मिल उनका 8 लाख रूपए हड़पने की साजिश करने का आरोप लगाया। प्रदीप राय ने कहा कि पूर्व विधायक की शादी में उनके ससुर ने मुझसे 22 लाख रूपए बतौर कर्ज लिए थे, जिसमें से 14 लाख रूपए लौटाए है, जबकि 8 लाख रूपए अभी भी उनपर बकाया है। प्रदीप ने कहा कि जब मैने अपना पैसा मांगने का दबाव बनाया तो इसके बाद ही पूर्व विधायक द्वारा मुझपर जमीन हड़पने का झूठा आरोप लगाया गया। उन्होंने कहा कि यह सारा खेल तथा मुझे बदनाम करने की साजिश मेरा पैसा हड़पने की नियत से लगाया गया है। वैष्णवी ग्रुप के चेयरमैन ने कहा कि मेरे पास सभी सबूत मौजूद है। उन्होंने कहा कि वे कभी किसी का जमीन नहीं हड़पे है। प्रदीप ने कहा कि वे वर्ष 2003 से ही जमीन व्यवसाय से जुड़े है, लेकिन अभी तक किसी ने ऐसा आरोप नहीं लगाया था। प्रदीप ने कहा कि मैं इससे डरने वाला नहीं हूं तथा जल्दी ही सभी के सामने सच साबित हो जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के कई नेता भी मौजूद थे।

- **बोले प्रदीप राय पूर्व विधायक की है हिम्मत तो मीडिया के सामने बैठ करे कागजातों की जांच**

**केटी न्यूज/बक्सर**

यह 1990 का दौर नहीं है, जब माले का लाल झंडा गाड़ दूसरे की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया जाता था। आज बिहार में सुशासन की सरकार है और सुशासन की सरकार में लाल झंडा गाड़ने वाला हाथ शरीर से अलग हो जाएगा। उक्त बातें बुधवार को भाजपा नेता सह बक्सर के चर्चित व्यवसायी प्रदीप राय ने प्रेस वार्ता के दौरान कही।

वे डुमरांव के पूर्व विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह द्वारा अपने उपर लगाए गए जमीन हड़पने के आरोपो का प्रेस वार्ता के माध्यम से जबाव दे रहे थे।

### भूमि खरीद-बिक्री से लेकर कब्जे तक सब कुछ वैधानिक, सभी दस्तावेज और न्यायिक आदेश मौजूद

डुमरांव के पूर्व विधायक अजीत कुशवाहा द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर प्रेस वार्ता के दौरान वैष्णवी ग्रुप के चेयरमैन प्रदीप कुमार राय ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनके ऊपर लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार, भ्रामक और तथ्यहीन हैं, जिनका उद्देश्य केवल जनता को गुमराह करना और राजनीतिक लाभ लेना है। प्रदीप राय ने कहा कि उनके पास भूमि से संबंधित सभी वैधानिक दस्तावेज, सरकारी अभिलेख और न्यायिक आदेश मौजूद हैं, जो यह सिद्ध करते हैं कि पूरा लेन-देन और कब्जा कानून के दायरे में है। प्रदीप राय ने भूमि से जुड़े पूरे घटनाक्रम को तथ्यों के साथ सामने रखते हुए बताया कि दिनांक 25 मई 2011 को विधिवत निबंधित पावर ऑफ अटॉर्नी (मुख्तारनामा) के माध्यम से सुदामा उपाध्याय, ललन उपाध्याय, विजय कुमार उपाध्याय और उनकी माता शिवपुजनी देवी ने अपने पैतृक खाता एवं प्लॉट की भूमि की बिक्री का अधिकार अखिलेश राय को दिया था। यह मुख्तारनामा रजिस्ट्री कार्यालय, बक्सर में विधिवत निबंधित है, जिसमें भूमि का कुल रकबा, खाता और प्लॉट संख्या स्पष्ट रूप से अंकित है। ये सभी विवरण सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज हैं, जिन्हें कोई भी सत्यापित कर सकता है।

### पॉवर ऑफ अटार्नी के आधार पर हुई थी जमीन की बिक्री

प्रदीप राय ने बताया कि मुख्तारनामा के आधार पर 7 जून 2011 को अखिलेश राय द्वारा प्रदीप राय के पक्ष में विधिवत कबाला किया गया। इस कबाले के बाद दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूरी की गई और नामांतरण पूरी तरह वैधानिक रूप से हुआ। इसके बाद 4 नवंबर 2016 को प्रदीप राय के नाम दूसरा कबाला भी हुआ, जिसका भी नियमानुसार दाखिल-खारिज किया गया। इस प्रकार कुल रकबा का समायोजन पूरी तरह नियमों के अनुसार किया गया है। प्रदीप राय ने साफ कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता, फजीर्वाड़ा या छल की कोई गुंजाइश नहीं है। हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर भी प्रदीप राय ने तीखा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ये आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। यदि किसी को संदेह है तो वे फॉरेंसिक जांच करवा सकते हैं। सभी संबंधित व्यक्तियों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान विधिवत दस्तावेजों और अभिलेखों में सुरक्षित हैं।

### भूमि से संबंधित कई न्यायिक व प्रशासनिक आदेश है मौजूद

उन्होंने बताया कि इस भूमि से जुड़े कई न्यायिक और प्रशासनिक आदेश भी उनके पक्ष में हैं। दाखिल-खारिज अपील वाद संख्या 114/2021-22 में सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेश पारित किया जा चुका है। इसी तरह पनरीक्षण वाद संख्या 143/2022-23 (एडीएम कोर्ट) में भी आदेश उपलब्ध है। धारा 144 के तहत अनुमंडल अधिकारी, बक्सर का आदेश दिनांक 31 जनवरी 2025 भी रिकॉर्ड पर है। इसके अलावा टी.एस. संख्या 390/2021 (सिविल जज सीनियर डिवीजन) में न्यायालय ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं है, क्योंकि विवादित भूमि पर कब्जा पहले से है। प्रदीप राय ने यह भी स्पष्ट किया कि कम्प्लेंट केस संख्या 331/2023 (यूएमएफसी बक्सर) में अभी केवल पक्षकारों की उपस्थिति के लिए समन जारी हुआ है। उनके खिलाफ न तो कोई दोषसिद्धि हुई है और न ही कोई दंडात्मक आदेश पारित किया गया है। रजनीकांत उपाध्याय द्वारा लगाए गए आरोपों को भी उन्होंने सिरे से खारिज किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में टाइटल सूट संख्या 382/2020 सिविल कोर्ट, बक्सर में विचाराधीन है, जिसमें कुल 13 लोग पक्षकार हैं। इस मामले में न तो सुनवाई पूरी हुई है, न गवाही हुई है और न ही कोई अंतिम आदेश आया है। ऐसे में किसी को दोषी ठहराना न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन है।

## एक नजर

### बेगूसराय में बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौत, जीजा की हालत गंभीर




**बेगूसराय।** बेगूसराय जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। गढ़पुरा थाना क्षेत्र के रक्सी चौक के पास बुधवार को गन्ना लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरपुर गांव निवासी राम रतन पासवान के 20 वर्षीय पुत्र संजीव कुमार पासवान के रूप में हुई है। वहीं, गंभीर रूप से घायल युवक मृतक का जीजा रामविलास पासवान है, जो समस्तीपुर जिले के मद्दीनगर गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गन्ना लदा ट्रक तेज रफ्तार में था और उसने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे में संजीव कुमार पासवान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि रामविलास पासवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही गढ़पुरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### शोभायात्रा में डांस करने पर आगबबूला हो गया पति, सिलबट्टे से कूचकर पत्नी की कर दी हत्या

**पटना ।** पटना के शास्त्री नगर थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी की सिलबट्टे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी पति घर से फरार हो गया। पुलिस की माने तो पत्नी ने हाल ही में एक धार्मिक शोभायात्रा में डांस किया था, जिसको लेकर पति नाराज हो गया और विवाद के दौरान उसने पत्नी को आवेश में सिलबट्टे से कूच दिया। पटना सचिवालय एसडीपीओ-2 साकेत कुमार ने बताया कि आर मंदिर के पास सुबह हत्या की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि झगड़े के दौरान पति ने पत्नी को मार दिया। परिजन गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मौके पर एफएसएल टीम बुलाकर साक्ष्य इकट्ठा किए गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच जारी है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पड़ोसियों ने बताया गया कि परिवार मूल रूप से जहानाबाद का रहने वाला है। पत्नी के शोभायात्रा में डांस करने से नाराज होकर पति ने यह हत्या की। फिलहाल पटना पुलिस घटना के तमाम बिन्दुओं का जांच कर रही है। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। वही आरोपी पति की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### मुंगेर एसबीआई के सहायक प्रबंधक रहस्यमय ढंग से लापता, खगड़िया स्टेशन पर मिली बाइक

मुंगेर स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य ब्राच में तैनात सहायक प्रबंधक नवल किशोर कुमार के रहस्यमय ढंग से लापता होने से हड़कंप मच गया है। नवल किशोर के अचानक गायब होने से न सिर्फ परिजन बल्कि बैंक प्रशासन भी हैरान हैं। मामला अब पुलिस जांच के दायरे में है। बताया जाता है कि एसबीआई मुंगेर मुख्य शाखा में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत नवल किशोर कुमार 20 जनवरी 2026 को करीब 4 बजकर 25 मिनट पर लोन रिकवरी के काम से बैंक से निकले थे। वे अपनी सफेद रंग की बुलेट मोटरसाइकिल, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर-31 एबी-7858 है, उस बाइक से रवाना हुए थे। इसके बाद ना तो वे घर लौटे और न ही दोबारा बैंक पहुंचे। परिजनों और सहकर्मियों द्वारा उनके मोबाइल नंबर 8872531825 पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन लगातार बंद पाया गया। जब देर रात तक कोई जानकारी नहीं मिली, तो परिजनों की चिंता और बढ़ गई। खोजबीन के दौरान नवल किशोर की मोटरसाइकिल खगड़िया रेलवे स्टेशन के स्टैंड पर खड़ी मिली। इसकी पुष्टि उनके पिता रामा राय ने की है। बाइक मिलने के बाद मामले ने और भी गंभीर रूप ले लिया है। नवल किशोर के बहनोई मिथिलेश कुमार और ससुर लाल प्रसाद राय का कहना है कि नवल एक जिम्मेदार और अनुशासित व्यक्ति हैं। उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। ऐसे में बिना किसी सूचना के उनका लापता होना बेहद असामान्य है। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जताई है।

### गयाजी में भीषण सड़क हादसा: हाइवा और बस की जोरदार टक्कर, एक की मौत

**गयाजी ।** गयाजी जिले के आमस थाना क्षेत्र में मंगलवार रात जीटी रोड पर हाइवा और यात्री बस के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में बस चालक लाल बाबू शाह (35, बक्सर) की बस के केबिन में दबने से मौके पर ही मौत हो गई। बस में सवार 17 यात्री घायल हो गए, जिनमें से सात को गंभीर हालत में बेहतर इलाज के लिए गया रेफर किया गया। हादसा आमस थाना क्षेत्र के हमजापुर स्थित इमामगंज मोड़ के पास हुआ। मृतक चालक के शव को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकाला गया, जबकि घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी पहुंचाया गया। बस में सवार यात्री जय राम ने बताया कि बस बोकारो से बक्सर जा रही थी। अनुमंडलीय अस्पताल में घायलों का इलाज कर रहे डॉक्टर पुष्कर ने बताया कि गंभीर रूप से घायल सात यात्रियों को गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया, जबकि बाकी घायलों को मरहम-पट्टी के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस और स्थानीय लोग हादसे के बाद बचाव कार्य में सक्रिय रूप से मदद कर रहे थे।

## तियारा बाजार में चौकीदार को बंधक बना आभूषण दुकान में चोरी के प्रयास को पुलिस ने किया नाकाम



केटी न्यूज/राजपुर

राजपुर थाना क्षेत्र के तियरा बाजार में मंगलवार की रात सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देती एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां अज्ञात चोरों के गिरोह ने पूजा अलंकार ज्वेलर्स में चोरी का दुस्साहस किया। हालांकि पुलिस की समय पर कार्रवाई से बड़ी चोरी टल गई, लेकिन घटना ने बाजार की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, कोचस निवासी राजेश सेठ की यह ज्वेलरी दुकान रोज की तरह मंगलवार शाम बंद की गई थी। देर रात बाजार सुनसान होते ही सात की संख्या में पहुंचे चोरों ने दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास शुरू कर दिया। इसी दौरान पास में सो रहे हरपुर गांव के चौकीदार वीरेंद्र सिंह को आहट मिली। उन्होंने साहस दिखाते हुए विरोध किया, लेकिन चोरों ने दो लोगों को आगे कर चौकीदार को काबू में ले लिया। उनके हाथ-पैर बांध दिए गए और मोबाइल फोन छीन लिया गया, ताकि कोई सूचना बाहर न जा सके।

स्थिति उस समय बदली जब गश्ती के दौरान राजपुर थाना पुलिस अचानक मौके पर पहुंच गई। पुलिस वाहन देखते ही चोर गिरोह अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चौकीदार को रस्सियों से मुक्त कराया और उन्हें तत्काल राजपुर सीएचसी ले जाकर चिकित्सकीय जांच व उपचार कराया गया।

बुधवार सुबह घटना की खबर फैलते ही बाजार और आसपास के गांवों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। दुकानदारों और ग्रामीणों ने बताया कि महज दो सप्ताह पहले भी इसी बाजार में दो दुकानों का ताला तोड़ने का प्रयास हुआ था, जिसे तब भी चौकीदार की सतर्कता से नाकाम किया गया था। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से व्यापारियों में भय और आक्रोश व्याप्त है।

थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के इलाकों में गहन छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं, स्थानीय लोगों ने रात की गश्ती और बाजार सुरक्षा बढ़ाने की मांग तेज कर दी है।

## उसरा गांव में मां विंध्यवासिनी धाम मंदिर में मूर्ति स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ

**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय प्रखंड अंतर्गत सोनवर्षा पंचायत के उसरा गांव स्थित मां विंध्यवासिनी धाम मंदिर परिसर में मूर्ति स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। बुधवार को वैदिक विधि-विधान के साथ अग्नि उत्पन्न कर यज्ञ की शुरूआत की गई। यज्ञाचार्य अरुण कुमार पाण्डेय के आचार्यत्व में मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ की प्रथम आहुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। यज्ञ के आरंभ के साथ ही गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे। वैदिक मंत्रों की गूंज, हवन कुंड से उठती अग्नि की लपटें और मां विंध्यवासिनी के जयघोष से पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर परिवार एवं गांव की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। यज्ञाचार्य अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह मूर्ति स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ पूरी वैदिक परंपरा के अनुसार संपन्न कराया जा रहा है। यज्ञ की शुरूआत



19 जनवरी को जलहरी के साथ की गई। जिसकी पूणार्हुति 25 जनवरी को भंडारे के साथ होगी। जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। इस धार्मिक आयोजन में गुड्डू पांडे, रिंबू ओझा, विजय राय, काशीनाथ पांडे, विष्णु शंकर पांडे एवं दीपक पाण्डेय सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। वहीं मंदिर के पुजारी कमता ओझा और रंजन ओझा द्वारा नियमित पूजा-अर्चना और अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन पूजा, हवन और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इस यज्ञ के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक चेतना, सामाजिक एकता और सकारात्मक ऊर्जा के संचार का उद्देश्य है। यज्ञ के शुभारंभ से पूरे उसरा गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया है और श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं।

छपरा में नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा में हंगामा

# सुरक्षा कर्मियों ने बीजेपी विधायक छोटी कुमारी को प्रवेश से रोका

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान छपरा में हंगामा देखने को मिला। बीजेपी जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि यात्रा के दौरान पटना से आए कुछ अधिकारियों ने महिलाओं के साथ अनुचित व्यवहार किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए एनडीए कार्यकर्ता उत्साहित थे, लेकिन सुरक्षा के नाम पर कुछ अधिकारियों ने महिलाओं और भाजपा की महिला विधायक छोटी कुमारी को जाने से रोका। बाद में, सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें फिर से प्रवेश देने की अनुमति दी। इसी दौरान, यात्रा में शामिल आशा कार्यकर्ता और महिलाएं भी आगे



आईं और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का खुलासा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मिलने वाले लाभ में कटौती की जाती है। आशा कार्यकताओं को मिलने वाला 6,000 रुपये में से 4,000 रुपये दिए जाते हैं। राशन कार्ड बनवाने के लिए 4,000 रुपये देने पड़ते हैं। पीएम आवास योजना के तहत मिलने वाले 20,000 रुपये का हिस्सा मुखिया को देना पड़ता है। इसके अलावा महिलाओं ने कार्यक्रम में जलपान और सुविधाओं की कमी पर भी नाराजगी जताई।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा में पटना के अधिकारियों के द्वारा महिलाओं से मिस बिहेव करने का आरोप लगा है यह आरोप बीजेपी के जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह ने लगाते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जी आने वाले थे एनडीए कार्यकताओं में मुख्यमंत्री के आने को लेकर उत्साह उमड़ पड़ा था स्वागत के लिए लोग खड़े थे लेकिन कुछ अधिकारी पटना के थे उन लोगों ने महिलाओं के साथ मिस बिहेव किया। मैंने उनसे कहा कि मैं आपकी शिकायत मुख्यमंत्री से करूंगा। उन्होंने छपरा की महिला भाजपा विधायक छोटी कुमारी के साथ भी मिस बिहेव किया। हालांकि अधिकारियों ने फिर वापस से भाजपा महिला विधायक छोटी कुमारी को एंट्री दे दिया उन्होंने सीएम की सुरक्षा के मध्य नजर उनको जाने से रोका था। वही दूसरी ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देखने आई आशा कार्यकर्ता और महिलाओं ने बिहार में चल योजनाओं के भ्रष्टाचार का पोल खोल दिया। आशा कर्मचारी ने कहा कि मिलता है 6 हजार देते हैं 4 हजार साथ ही महिलाओं ने बताया कि राशन कार्ड के लिए 4 हजार देने पड़ते हैं तो वही पीएम आवास योजना में 20 हजार की घुस मुखिया को देनी पड़ती है साथ ही साथ महिलाओं ने कार्यक्रम में जलपान की व्यवस्था नहीं होने से भी गुसाईं हुई नजर आई ।

## बीपीएससी 70वीं परीक्षा में फर्जी महिला अभ्यर्थी पकड़ी गई, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान खुलासा

**एजेंसी। पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के दौरान एक फर्जी महिला अभ्यर्थी को पकड़ा गया है। इस गंभीर अनियमितता के बाद आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित महिला को भविष्य में आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं में शामिल होने से पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। आयोग के अनुसार, उक्त महिला अभ्यर्थी ने अपने रोल नंबर और एडमिट कार्ड में छेड़छाड़ की थी। उसने किसी अन्य चयनित महिला अभ्यर्थी के रोल नंबर का दुरुपयोग कर डॉक्यूमेंट




वेरिफिकेशन प्रक्रिया में शामिल होने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क अधिकारियों की नजर से बच नहीं सकी। डॉक्यूमेंट जांच के दौरान जब अभ्यर्थी के कागजातों में गड़बड़ी पाई गई, तो तुरंत उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी गई। आयोग ने इस मामले को गंभीर मानते हुए सख्त कार्रवाई की है और साफ किया है कि परीक्षा प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अब नदियों के रास्ते होगा व्यापार, जलमार्ग से खुलेगा बिहार के विकास का नया द्वार



**एजेंसी। पटना**

बिहार में अब गोवा, गुजरात और महाराष्ट्र की तरह जल परिवहन के जरिए माल ढुलाई को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। इससे प्रदेश में आवश्यक सामानों के परिवहन के लिए सड़क और रेल के साथ-साथ जलमार्ग नेटवर्क भी विकसित किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, इस परियोजना पर काम जारी है और उम्मीद है कि इस साल के अंत तक जलमार्ग से माल ढुलाई शुरू कर दी जाएगी। अब बिहार में भी गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र की तरह जल परिवहन के जरिये माल ढुलाई के लिए जल परिवहन को विकसित करने का काम किया जा रहा है। जिससे अब सड़क के अलावा प्रदेश में जलमार्ग के रास्ते भी अन्य जगहों पर जरूरी सामानों को आने-जाने के लिए नेटवर्क विकसित किया जा सकें। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल इस प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है। उम्मीद है कि इस साल के अंत तक इस प्रोजेक्ट को पूरा कर जलमार्ग के जरिये माल ढुलाई का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। वहीं इस संदर्भ में परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने गायघाट से दीघा घाट तक वाटर मेट्रो वेसल में सफर करके जल मार्ग परिवहन व माल ढुलाई की संभावनाओं का जायजा लिया है। उन्होंने कहा कि जलमार्ग रेल और सड़क की तुलना में काफी सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प है। जलमार्ग के जरिये बालू, सब्जियां और भारी सामान की ढुलाई आसान हो सकती है। साथ ही इस क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसर होने की संभावना है। अभी प्रदेश में भागलपुर-पटना में जलमार्ग की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें रोपेक्स वेसल का निर्माण पूर्व में ही हो चुका है। इसके साथ ही बक्सर, कालूघाट, हाजीपुर, मोकामा समेत अन्य जगहों पर शहरों के बीच जलमार्ग को बढ़ावा दिया जा सकता है। साथ ही स्थानों पर नए सामुदायिक जेटी विकसित किए जायेंगे। इन जेटियों के पास हाट भी लगाये जा सकेंगे, जिससे ताजा फल-सब्जियां सीधे बेची जा सकें। इस प्रस्ताव के स्वीकृत होने के बाद जलमार्ग के माध्यम से माल ढुलाई को और गति मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा जलवाहक योजना के तहत अनुदान के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग-1 के लिए दूरी 300 किमी से कम करके 100 किमी करने का प्रस्ताव भेज दिया जा चुका है। जिससे शिप संचालकों को केंद्र सरकार की इस योजना का लाभ आसानी से मिल सके। इससे न सिर्फ बिहार में जल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लॉजिस्टिक्स, व्यापार और स्थानीय रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। रेल एवं सड़क पर बढ़ते दबाव को कम करने के साथ-साथ यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी अहम कदम साबित होगा।

## समृद्धि यात्रा के तहत सारण पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश

# जिले को दी 538 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात



**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के पांचवें दिन सारण जिले का दौरा कर विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रगति यात्रा के समय की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राधे कृष्ण जीविका महिला संकुल संघ द्वारा संचालित दीदी का सिलाई घर, प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र के शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने केंद्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जीविका द्वारा प्रखंड कार्यालय बड़ा तेलपा, छपरा परिसर में स्थापित इस केंद्र से कुल 60 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। सिलाई केंद्र से जुड़ी महिलाओं ने मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना उनके लिए वरदान साबित हुई है। महिलाओं ने बताया कि योजना से उन्हें रोजगार मिला है और आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने महिला सशक्तीकरण के लिए किए गए प्रयासों को सराहा।

### विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन

मुख्यमंत्री ने प्रखंड कार्यालय परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने जीविका द्वारा संपोषित 11,985 स्वयं सहायता समूहों को परियोजना एवं बैंकों द्वारा वित्त प्रदत्त 02 अरब 07 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, चश्मा और हियरिंग ऐड सहित अन्य सामग्री लाभुकों को प्रदान की।

### सरकारी योजनाओं को लेकर लाभुकों की प्रतिक्रिया

बिहार लघु उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना, जीविका कैडरों का मानदेय दोगुना करने, किसान सलाहकार के मानदेय में वृद्धि, पौधा संरक्षण के तहत 694 पदों के सृजन, गर्भाशय कैंसर प्रतिरक्षण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि 400 से बढ़ाकर 1100 रुपये करने, कलाकार पेंशन योजना के तहत वरिष्ठ कलाकारों को 3000 रुपये मासिक पेंशन, शिक्षक नियोजन में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण और मुख्यमंत्री रोजगार योजना जैसी घोषणाओं को लेकर लाभुकों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

### आईटीआई छपरा का उद्घाटन और योजनाओं का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छपरा का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उन्होंने जिले में चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान रिमोट के माध्यम से उन्होंने सारण जिले के लिए 451 करोड़ रुपये की 45 योजनाओं का शिलान्यास और 87 करोड़ रुपये की 24 योजनाओं का उद्घाटन किया।

### आईटीआई परिसर का निरीक्षण और छात्रों से संवाद

मुख्यमंत्री ने आईटीआई के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्लासरूम, मैकेनिकल डीजल कर्मशाला और इलेक्ट्रिक कर्मशाला का जायजा लिया तथा वहां उपस्थित छात्रों से बातचीत की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक अभियान एवं विशेष कार्य बल कुंदन कृष्णन, विभिन्न विभागों के सचिव, आयुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव और वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## एक नजर

### ठंड के कारण पटना के स्कूलों की टाइमिंग चेंज, सुबह 9 से पहले नहीं चलेंगी कक्षाएं

**पटना।** ठंड को देखते हुए पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एस.एम. ने सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को सुबह 9 बजे से पहले संचालित करने से मना किया है। यह आदेश 21 जनवरी से लेकर 24 जनवरी तक लागू होगा। पटना जिलाधिकारी ने यह आदेश दिया है कि पटना जिले में पड़ रही अत्यधिक ठंड के कारण कम तापमान की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। अतः वर्तमान स्थिति में इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक-781/ विधि, दिनांक-16.01.2026 के क्रम में मैं, डॉ० त्यागराजन एस.एम., जिला दण्डाधिकारी, पटना, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत पटना जिला के सभी निजी / सरकारी विद्यालयों (प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों सहित) में शैक्षणिक गतिविधियों के 09.00 बजे पूर्वाह्न के पहले के संचालन पर प्रतिबंध लगाता हूँ। विद्यालय प्रबंधन को एतद् द्वारा निदेश दिया जाता है कि वे उल्लिखित आदेश के अनुरूप शैक्षणिक गतिविधियों को पुनर्निधारित करेंगे।

### छापेमारी में बवाल! भीड़ ने पुलिस पर किया हमला, हवाई फायरिंग कर बचाई जान

**वैशाली।** वैशाली जिला के राघोपुर प्रखंड के जुरावनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर पश्चिमी वार्ड में पुलिस ने देशी शराब की सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान एसआई धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल नवल राय के घर पहुंचकर जांच शुरू की, लेकिन घर से शराब नहीं मिली। हालांकि पुलिस ने घर से शराब नहीं मिलने के बावजूद दो युवकों सोनू कुमार और बिजली राय को जबरदस्ती वाहन में बैठा लिया।इसी पर स्थानीय लोगों ने विरोध किया और पुलिस पर हमला कर दिया। भीड़ में करीब 30-35 लोग शामिल थे, जिन्होंने पुलिस वाहन के सामने ठेला लगा दिया और ईंट-पत्थर चलाए। इस हमले में पुलिस कर्मी समेत बीएसएपी के जवान भी घायल हो गए। भीड़ को काबू में करने के लिए एसआई धीरेंद्र कुमार ने अपनी कमर से पिस्टल निकालकर हवाई फायरिंग की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें एसआई की फायरिंग स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। स्थानीय लोग पुलिस की कार्रवाई से नाराज हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि छापेमारी में कोई शराब नहीं मिली, फिर भी पुलिस ने गाली-गलौज की और हथियार दिखाकर धमकाया।पुलिस का कहना है कि जहां छापेमारी की जा रही थी वहां एक डब्बा शराब रखा था और आरोपी शराब पी रहा था। पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि शराब उसकी है और उसने इसे छिपाकर रखा था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।इसके बाद आरोपी ने पुलिस को धक्का देकर मौके से फरार हो गया और पुलिस टीम पर स्थानीय लोग, महिलाओं और पुरुषों ने हमला कर दिया। इससे मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

### बाथरूम में महिला का वीडियो बनाते पकड़ा गया पेंटर, लोगों ने कर दी पिटाई

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक शर्मनाक घटना सामने आई। एक घर में पेंटिंग का काम करने आए मजदूर ने महिला का बाथरूम में आपत्तिजनक वीडियो बनाने की कोशिश की। महिला की नजर जैसे ही मजदूर की इस हरकत पर पड़ी, उसने शोर मचा दिया। शोर सुनते ही घर के सदस्य और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। मामला सामने आने के बाद इलाके के लोग भी हैरान हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी युवक पुलिस लाइन चौक के पास का रहने वाला है और वह मोबाइल फोन से वीडियो बनाने का प्रयास कर रहा था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पीड़िता के आवेदन के आधार पर आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध खनन मामले पर सरकार सख्त दोषी कर्मियों पर होगी कार्रवाई



**एजेंसी। पटना**


बिहार सरकार अवैध खनन और उससे जुड़े मामलों के खिलाफ सख़्त रुख अपनाने जा रही है। उपमुख्यमंत्री और खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दोषियों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कठोर कार्रवाई की जाए और न्यायालय को हर स्तर पर पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए। मंत्री ने कहा कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि अवैध खनन में एक संगठित गिरोह राज्य के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहा है, और ऐसे सभी तत्वों पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अवैध खनन, परिवहन एवं उससे जुड़े सभी मामलों की गंभीरता से पहचान कर दोषियों के विरुद्ध सख़्त से सख़्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि इस प्रकार की गतिविधियों में विभाग का कोई भी पदाधिकारी या कर्मी संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भी बिना किसी भेदभाव के विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित प्रकरणों में माननीय न्यायालय को विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए तथा सभी अभिलेख एवं तथ्य समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से प्रस्तुत किए जाएँ। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तथ्यों से यह संकेत मिलता है कि एक संगठित गिरोह है, जो अवैध गतिविधियों के माध्यम से राज्य सरकार के राजस्व को गंभीर क्षति पहुँचा रहा है। ऐसे सभी तत्वों पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, संबंधित पक्षकारों की किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर उनके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पटना यूनिवर्सिटी में खूनी संघर्ष : हॉस्टल के छात्रों के बीच मारपीट के बाद बमबाजी, सात गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**

पटना विश्वविद्यालय के हॉस्टलों के बीच एक बार फिर वर्चस्व की जंग और आपसी विवाद में हिंसा का मामला सामने आया है। मंगलवार की शाम कृष्णा घाट पर चाय पीने के दौरान शुरू हुआ विवाद देर रात बमबारी में बदल गया। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए हथुआ हॉस्टल में छापेमारी की और सुतली बम बनाने की सामग्री के साथ 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि मंगलवार की शाम साइंस कॉलेज का एक छात्र, जो सी.बी. रमण हॉस्टल में रहता है, अपनी महिला मित्र के साथ कृष्णा घाट पर चाय पीने गया था। वहां जैक्सन हॉस्टल के तृतीय वर्ष के एक छात्र से उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना के बाद पीड़ित छात्र ने पीरबहोर थाने में मामला दर्ज कराया। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम की इस मारपीट का प्रतिशोध लेने के लिए जैक्सन हॉस्टल के छात्र लामबंद हो गए। उनका आरोप है कि इन छात्रों ने सी.बी. रमण हॉस्टल की बाउंड्री पर सुतली बम से हमला किया। धमाके की आवाज से कैंपस में दहशत फैल गई, हालांकि गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। बमबारी की सूचना मिलते ही सुल्तानगंज पुलिस एक्शन मोड में आ गई। पुलिस की टीम ने संबंधित हॉस्टलों के साथ-साथ आसपास के अन्य हॉस्टलों में भी सघन तलाशी अभियान चलाया। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि पीरबहोर और सुल्तानगंज थाने में अलग-अलग कांड दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कैंपस में शांति व्यवस्था भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# पटना में जनगणना 2027 की तैयारियां तेज दो चरणों में होगी पूरी तरह डिजिटल गणना




**एजेंसी। पटना**

पटना जिले में जनगणना 2027 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी के निर्देश पर जिला जनगणना कोषांग और जनगणना समन्वय समिति का गठन कर दिया गया है। यह जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी, जिसमें पहले चरण में अप्रैल से सितंबर 2026 तक मकानों की गणना और दूसरे चरण में फरवरी 2027 में जनसंख्या की गणना की जाएगी। यह देश की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें मोबाइल ऐप और सेंसस मॉनिटरिंग एंड मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएमएस) पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। जिला प्रशासन ने मंगलवार को जनगणना कोषांग एवं जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति (डीएलसीसीसी) का गठन कर तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसके तहत सभी प्रखंड, अनुमंडल, नगर निगम, नगर परिषद और अन्य स्थानीय निकायों से संबंधित जिम्मेदार पदाधिकारियों के नाम, पद और मोबाइल नंबर तीन दिनों के भीतर मांगे गए हैं, ताकि यह जानकारी जनगणना निदेशालय और महारजिस्ट्रार कार्यालय को भेजी जा सके। स्वतंत्रता के बाद यह आठवीं और वर्तमान सहस्राब्दी की तीसरी जनगणना होगी, जिसकी संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 निर्धारित की गई है। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने जिला जनगणना कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह जिला जनगणना पदाधिकारी की जिम्मेदारी उपविकास आयुक्त श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर को सौंपी है। वहीं अपर जिला जनगणना पदाधिकारी सह जिला योजना पदाधिकारी विदुर भारती को कोषांग का नोडल बनाया गया है। कोषांग में सात अन्य सदस्य भी होंगे, जो विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर जनगणना कार्य के क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे।

# बिहार : दिन में राहत और रात में जारी रहेगी कोहरा और ठंड की आफत



**एजेंसी। पटना**

बिहार में उत्तर-पश्चिमी दिशा से चलने वाली ठंडी हवाएं कमजोर पड़ गई हैं, जिससे सर्दी से थोड़ी राहत मिली है। तेज धूप निकलने से राज्य भर में दिन का तापमान बढ़ गया है। हालांकि, सुबह और शाम के समय ठंड बनी रहती है, कई जिलों में घने कोहरे के कारण दृश्यता प्रभावित हो रही है और रेल सेवाएं विलंबित हो रही हैं। गोपालगंज और बाघा में तड़के भारी कोहरा छाया रहा, जिससे यात्रियों को हेडलाइट जलाकर गाड़ी चलानी पड़ी। कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कई निवासी अलाव के आसपास बैठकर खुद को गर्म करते नजर आए। औरंगाबाद में भी ऐसी ही स्थिति रही, जहां सुबह भर आसमान में बादल छाए रहे। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अररिया और पूर्णिया समेत पांच जिलों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, इन इलाकों में सुबह और रात के समय ठंड रहेगी और देर रात से लेकर सुबह तक धुंध और कोहरा छाए रहने की संभावना है। कोहरे के कारण पांच ट्रेनें विलंबित हैं। जिनमें ट्रेन नंबर - 13247 आरा कैपिटल एक्सप्रेस - 2 घंटे 22 मिनट विलंबित। ट्रेन नंबर- 12318 अकाल तख्त एक्सप्रेस - 1 घंटे 55 मिनट लेट से चल रही है। ट्रेन नंबर- 13347 पलामू एक्सप्रेस - 55 मिनट लेट से चली। ट्रेन नंबर- 13287 दक्षिण बिहार एक्सप्रेस - 3 घंटे 47 मिनट लेट रही। अगले 24 घंटों में बिहार का न्यूनतम तापमान 8त्उ से 14त्उ के बीच रहने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान 22त्उ से 29त्उ के बीच रह सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले सात दिनों तक राज्य भर में मौसम शुष्क रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है। अगले दो दिनों तक सुबह घने कोहरे की संभावना है, खासकर उत्तर-पूर्वी और सीमावर्ती जिलों में। बुधवार को सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में घना कोहरा छाने की आशंका है, जबकि पटना और आसपास के इलाकों में आसमान अधिकतर साफ रहेगा।

### शहरों का तापमान

पटना में न्यूनतम तापमान 13 .6°C और अधिकतम तापमान 24 .6°C दर्ज किया गया, जो पिछले 15 वर्षों में जनवरी का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है। राजगीर में अधिकतम तापमान 27 .2°C दर्ज किया गया। आईएमडी पटना के निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि हवा की गति कम होने, नमी का स्तर बढ़ने और धूप अधिक होने से दिन के समय मौसम गर्म महसूस हो रहा है, हालांकि सुबह और रात की ठंडक बनी रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि अगले 10 दिनों में तापमान में उतार-चढ़ाव आ सकता है, न्यूनतम और अधिकतम तापमान दोनों में 2°C से 4°C तक की वृद्धि संभव है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगर जनवरी के अंत या फरवरी की शुरूआत में कोई नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाता है, तो बिहार में शीत ऋतु की एक और लहर आ सकती है। फिलहाल, शीत ऋतु का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है।

# बहार में राशन कार्ड से कटेंगे 50 लाख से अधिक लोगों के नाम

**एजेंसी। पटना**

बिहार के राशन कार्ड होल्डरों के लिए बड़ी खबर है। राज्य के सभी 38 जिलों में लगभग 52.22 लाख लोगों के नाम राशन कार्ड से हटाए जा सकते हैं। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने यह आदेश आधार न होने या गलत होने के कारण वेरिफिकेशन रिजेक्ट होने के बाद दिया। अब तक राज्य में 5.92 करोड़ राशन कार्ड होल्डरों का आधार वेरिफिकेशन किया जा चुका है। जबकि कुल 6.74 करोड़ पीडीएस लाभुकों की आधार सीडिंग अभी बाकी है। जिन लोगों के नाम राशन कार्ड से हटाए जाएंगे, उन्हें सस्ते या मुफ्त पीडीएस दुकानों से अनाज नहीं मिलेगा। जिलावार जानकारी के अनुसार, पटना में 2.96 लाख, दरभंगा 2.64 लाख, नालंदा 2.29 लाख, पूर्वी चंपारण 2.21 लाख, समस्तीपुर 1.40 लाख, मुजफ्फरपुर 1.79 लाख, सीतामढ़ी 98.7 हजार, मधुबनी 1.98 लाख, पश्चिम चंपारण 2.06 लाख और वैशाली 2.43 लाख लोगों का वेरिफिकेशन रिजेक्ट हुआ। वहीं, पटना में 27.3 लाख, दरभंगा 24.7 लाख, नालंदा 15.3 लाख, पूर्वी चंपारण 28.6 लाख, समस्तीपुर 25.7 लाख, मुजफ्फरपुर 30.4 लाख, सीतामढ़ी 21.0 लाख, मधुबनी 26.9 लाख, पश्चिम चंपारण 23.8 लाख और वैशाली 18.9 लाख वेरिफिकेशन एक्सेप्ट हुए।